पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राजभवन में कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

——————————

राजभवन में योगाभ्यास के लिए की गई वृहद् तैयारियां

——————————

लखनऊः 20 जून, 2023

कल 21 जून, 2023 को यहां राजभवन में नवम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। योगाभ्यास के लिए राजभवन परिसर के लॉन में आज वृहद् तैयारियां की गई हैं। इस योगाभ्यास की गतिविधियां प्रातः 6:00 बजे से प्रारम्भ हो जायेंगी। योगाभ्यास में उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में योग साधक शामिल होंगे।

——————

चन्द्र विजय वर्मा/राजभवन